ऋषिकुल स्कूल में नववर्ष पर झूमे छात्र

सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ के सभागार में शनिवार को नववर्ष के आगमन पर उत्साह-दा थ्रिल ऑफ लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रणसिंह पंवार ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। छात्रावास के छात्रों ने अपने आकर्षक और मनमोहक नृत्यों से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को शिक्षा का महत्व बताया। प्राइमरी विभाग के प्री नर्सरी से पांचवीं तक के छात्रों ने नृत्य, गायन, कविता पाठ आदि में भाग लेकर 2017 का धूमधाम से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने शपथ ली कि आने वाले वर्ष में पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य करेंगे। चेयरमैन एसके शर्मा, निदेशक धीरज शर्मा, एचआर मैनेजर अर्चना शर्मा, प्रधानाचार्य पीआर मोहनन तथा ऐसोसिएट प्रधानाचार्य नरेश पाल सिंह भी उपस्थित रहे।